This question paper consists of 20 questions [Section–A (16) + Section–B (2+2)] and 10 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 20 प्रश्न [खण्ड–अ (16) + खण्ड–ब (2+2)] तथा 10 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Code No.**
**कोड नं०** **53/HIS/1**

**Set/सेट** **A**

# HISTORY
# इतिहास
# (315)

Day and Date of Examination ..................................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..................................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..................................................

***General Instructions :***

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the question paper.
2. Please check the question paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the answer-book or writing roll number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. 53/HIS/1, Set A on the answer-book.
5. (a) The question paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the answer-book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

***सामान्य अनुदेश :***

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या 53/HIS/1, सेट A लिखें।
5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिन्दी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# HISTORY

# इतिहास

# (315)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has two options. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

(iv) Answer Question Nos. **1** to **4** in not more than *20* words each, Question Nos. **5** to **11** and **17** in not more than *80* words each and Question Nos. **12** to **15** and **18** in not more than *200* words each.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** से **4** तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *20* शब्दों में, प्रश्न संख्या **5** से **11** तथा **17** तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *80* शब्दों में और प्रश्न संख्या **12** से **15** तथा **18** तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *200* शब्दों में दीजिए।

## SECTION–A

## खण्ड–अ

**1.** What is religious literature? Name any *two* religious texts of Ancient India. 2

धार्मिक साहित्य क्या है? प्राचीन भारत के किन्हीं **दो** धार्मिक ग्रंथों के नाम लिखिए।

**2.** What *two* archaeological evidences suggest that the Harappan traders had established contacts with foreign lands? 2

कौन-से **दो** पुरातात्त्विक साक्ष्य यह सुझाव देते हैं कि हड़प्पाई व्यापारियों ने विदेशों से व्यापारिक सम्बन्ध बना लिये थे?

**3.** What *two* changes were introduced in the composition of the nobility during the rule of the Khaljis and Tughluqs? 2

खलजी और तुगलकों के शासन के दौरान अभिजात-वर्ग की संरचना में कौन-से **दो** बदलाव आये?

**4.** In what *two* ways has the discipline of Human Sciences seen a phenomenal expansion in the 20th century? 2

किन **दो** क्षेत्रों में मानव-विज्ञान विषय में 20वीं शताब्दी में अद्‌भूत विस्तार दृष्टिगोचर हुआ?

**5.** Explain the reasons for the rise and spread of Buddhism in India. 4

*OR*

"Contact with Central Asia had a significant impact on India." Explain. 4

भारत में बौद्धधर्म के उदय और विस्तार के कारणों की व्याख्या कीजिए।

*अथवा*

''मध्य एशिया के साथ सम्पर्क का भारत पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ा।'' व्याख्या कीजिए।

**6.** Why is Zain-ul-Abidin called the 'Akbar of Kashmir'? What were his achievements? 4

*OR*

Explain the important means and methods of irrigation in Medieval India. 4

जैनुल आबिदीन को 'कश्मीर का अकबर' क्यों कहा जाता है? उसकी क्या उपलब्धियाँ रहीं?

*अथवा*

मध्यकालीन भारत में सिंचाई के महत्त्वपूर्ण साधनों और उपायों की व्याख्या कीजिए।

**7.** Explain how the administrative organization created by the British helped in consolidating their expanding empire in India. 4

*OR*

Explain how the policy of 'Free Trade' introduced by the British completely changed the nature of the Indian economy. 4

व्याख्या कीजिए कि किस प्रकार ब्रिटिश द्वारा प्रशासनिक संगठन की रचना ने भारत में उनके बढ़ते साम्राज्य को सुदृढ़ करने में सहायता की।

*अथवा*

व्याख्या कीजिए कि ब्रिटिश द्वारा लायी गयी 'मुक्त व्यापार' की नीति ने किस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था के स्वरूप को पूर्णतया बदल दिया।

**8.** How did the 'economic critique' of British rule enable the early nationalists to arouse feelings of nationalism among the Indian people? 4

*OR*

How did the people of Bengal react to the Partition of Bengal in 1905? Explain. 4

ब्रिटिश शासन के 'अर्थशास्त्रीय आलोचकों' ने किस प्रकार प्रारम्भिक राष्ट्रवादियों को भारतीयों में राष्ट्रभावना जागृत करने में समर्थ बनाया?

*अथवा*

बंगाल के लोगों ने किस प्रकार 1905 में हुए बंगाल-विभाजन के प्रति प्रतिक्रिया व्यक्त की थी? व्याख्या कीजिए।

**9.** Explain briefly Karl Marx's concept (idea) of socialism. 4

*OR*

Explain how the idea of nationalism in the capitalist countries was linked to imperialism in the late 19th and early 20th century. 4

कार्ल मार्क्स की समाजवाद की अवधारणा की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

*अथवा*

19वीं शताब्दी के अंत तथा 20वीं शताब्दी के प्रारंभ में पूंजीपति देशों में राष्ट्रवाद का विचार किस प्रकार साम्राज्यवाद के साथ जोड़ा जाता रहा? व्याख्या कीजिए।

**10.** With what objectives was the League of Nations formed? Why did it fail to prevent aggression in 1930's? 4

*OR*

With what objectives were the IMF and the World Bank instituted? State *one* point of criticism against their functioning. 4

किन उद्देश्यों को लेकर राष्ट्र-संघ की स्थापना की गई? यह 1930 के दशक में आक्रमण को रोकने में क्यों असफल रहा?

*अथवा*

किन उद्देश्यों को लेकर अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा-कोष तथा विश्व-बैंक की स्थापना की गई थी? इनकी कार्यप्रणाली के विरुद्ध कोई **एक** आलोचना दीजिए।

**11.** The 'Truman Doctrine' and the 'Cominform' reflect the objectives of the foreign policies of the USA and the USSR. Explain. 4

*OR*

Modern technology changed the work patterns in the 20th century. Support the statement with any *four* relevant points. 4

'ट्रूमैन सिद्धान्त' तथा 'कॉमिनफॉर्म' यू० एस० ए० तथा यू० एस० एस० आर० की विदेश नीतियों के उद्देश्यों को प्रदर्शित करते हैं। व्याख्या कीजिए।

*अथवा*

20वीं शताब्दी में आधुनिक तकनीकी ने कार्य के प्रतिमानों को बदल दिया। कथन के पक्ष में किन्हीं **चार** बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए।

**12.** Explain the reasons for the changes in the social structure in the Gupta period. What was Fa-Hien's observation about the condition of different social groups during the Gupta period? 10

*OR*

Explain the reasons for the expansion of agriculture in the later-Vedic period together with other significant economic changes. 10

गुप्तकाल में सामाजिक संरचना में आये परिवर्तनों के कारणों की व्याख्या कीजिए। गुप्तकाल के दौरान विभिन्न सामाजिक समूहों के हालात पर फाह्यान ने क्या अवलोकन किया?

*अथवा*

उत्तर-वैदिक काल में कृषि में विस्तार के कारणों की व्याख्या अन्य महत्त्वपूर्ण आर्थिक परिवर्तनों के साथ कीजिए।

**13.** "The Bhakti Movement in the early-Medieval period represents a movement of reform and change." Examine the statement with examples of the Bhakti Movement in Northern India. 10

*OR*

What are different views of the historians regarding Muhammad bin Tughluq's measure of the transfer of capital? Why did the Sultan abandon Daulatabad? 10

''प्रारंभिक मध्यकाल में भक्ति आंदोलन सुधार और परिवर्तन के आंदोलन को प्रदर्शित करता है।'' उत्तर भारत के भक्ति आंदोलन से उदाहरण लेकर इस कथन का परीक्षण कीजिए।

*अथवा*

मुहम्मद बिन तुगलक द्वारा राजधानी परिवर्तन के बारे में इतिहासकारों द्वारा व्यक्त किये विभिन्न मत क्या हैं? सुलतान ने दौलताबाद क्यों छोड़ा?

**14.** Describe the growth of the press and journalism in India in the 19th century. Why were Lord Lytton's measures to curb the freedom of press considered repressive? 10

*OR*

What are different views of the historians about the nature of the Revolt of 1857? Explain the significance of the Revolt of 1857. 10

19वीं शताब्दी में भारत में प्रेस तथा पत्रकारिता के विकास का वर्णन कीजिए। लॉर्ड लिटन द्वारा प्रेस की आजादी के निरोध हेतु उठाये गये कदमों को क्यों कठोर प्रतिबंध माना गया?

*अथवा*

1857 के विद्रोह की प्रकृति के बारे में इतिहासकारों के विभिन्न विचार क्या हैं? 1857 के विद्रोह के महत्त्व की व्याख्या कीजिए।

**15.** Why did the Indians boycott the Simon Commission? How did the Lahore Session (1929) of the Congress give expression to the new national aspirations of the Indians? 10

*OR*

Why did Mahatma Gandhi launch (start) the Non-Cooperation Movement? What was its programme? Why was it withdrawn? 10

भारतीयों ने साइमन कमीशन का बहिष्कार क्यों किया? कॉंग्रेस के 1929 के लाहौर अधिवेशन ने किस प्रकार भारतीयों की नव राष्ट्रीय भावनाओं को व्यक्त किया?

*अथवा*

महात्मा गाँधी ने असहयोग आंदोलन क्यों प्रारम्भ किया? इसका क्या कार्यक्रम था? यह वापिस क्यों लिया गया?

**16.** *(a)* On the given Outline Map of India, locate and name the following :

*(i)* *One* Palaeolithic site in Madhya Pradesh 1

*(ii)* Kanauj 1

*(iii)* (1) Extent of Akbar's empire 2

(2) Ajmer 1

(3) Oudh 1

*(iv)* Jhansi 1

*(v)* Dandi 1

*(vi)* The place where Writers' Building is located 1

*OR*

*One* silk-weaving centre in Tamil Nadu 1

*(b)* On the given Outline Map of Europe, locate and mark Austria. 1

(क) दिए गए भारत के आरेखीय मानचित्र में निम्न को चिह्नित कीजिए व नाम लिखिए :

*(i)* मध्य प्रदेश का **एक** पुरापाषाण युगीन स्थल

*(ii)* कनौज

*(iii)* (1) अकबर के साम्राज्य की विस्तार-सीमा

(2) अजमेर

(3) अवध

*(iv)* झाँसी

*(v)* डांडी

*(vi)* वह स्थान जहाँ राइटर्स बिल्डिंग स्थित है

*अथवा*

तमिलनाडु में **एक** रेशम-बुनाई का केन्द्र

(ख) दिए गए यूरोप के आरेखीय मानचित्र में ऑस्ट्रिया को चिह्नित कीजिए व नाम लिखिए।

*Note* : The following questions are for the *Visually Impaired Candidates* only in lieu of Question No. **16** :

*(a)* Name *one* Palaeolithic site in Madhya Pradesh. 1

*(b)* The control over which place led to the 'Tripartite Struggle'? 1

*(c)* *(i)* When was the Second Battle of Panipat fought and between whom? 1+1=2

*(ii)* Where was Shivaji crowned as king? 1

*(iii)* What was the title that Shivaji took? 1

*(d)* Where did the Revolt of 1857 start? 1

*(e)* Where did Gandhiji break the Salt Law? 1

*(f)* Who was the first Indian ruler to sign the Subsidiary Treaty? 1

*OR*

Name *one* silk-weaving centre in Tamil Nadu. 1

*(g)* What was the Treaty signed by Germany after the World War I called? 1

**निर्देश :** नीचे दिए गए प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **16** के स्थान पर हैं :

(क) मध्य प्रदेश के **एक** पुरापाषाण युगीन स्थल का नाम लिखिए।

(ख) किस स्थान के नियंत्रण को लेकर 'त्रिकोणीय संघर्ष' हुआ?

(ग) *(i)* पानीपत की दूसरी लड़ाई कब हुई तथा किनके बीच?

*(ii)* शिवाजी का राज्याभिषेक कहाँ पर हुआ?

*(iii)* शिवाजी ने कौन-सी उपाधि ग्रहण की?

(घ) 1857 का विद्रोह कहाँ से प्रारम्भ हुआ?

(ङ) गाँधीजी ने नमक कानून को कहाँ पर तोड़ा?

(च) वह कौन-सा पहला भारतीय शासक था जिसने सहायक संधि पर हस्ताक्षर किये?

*अथवा*

तमिलनाडु में रेशम बुनने के **एक** केन्द्र का नाम लिखिए।

(छ) प्रथम विश्व युद्ध के पश्चात् जर्मनी द्वारा हस्ताक्षरित की गई संधि कौन-सी थी?

## SECTION–B

## खण्ड–ब

### OPTION–I

### विकल्प–I

### ( Evolution of State )

### ( राज्य का विकास )

**17.** What were the *two* types of Mahajanapadas that emerged in the 6th century BC in India? How were they different? 4

*OR*

What was the main governing ideology on which the British Administration in India was based? 4

भारत में छठी शताब्दी ई० पू० में कौन-से **दो** प्रकार के महाजनपद उभरे? उनमें क्या अंतर था?

*अथवा*

भारत में ब्रिटिश प्रशासन किस मुख्य विचार-धारा पर आधारित था?

**18.** Describe the main features of the Chola Administration. 10

*OR*

Describe the nature of the Medieval State in India. 10

चोल प्रशासन के मुख्य लक्षणों का वर्णन कीजिए।

*अथवा*

भारत में मध्यकालीन राज्य की प्रकृति का वर्णन कीजिए।

OPTION–II

विकल्प–II

## ( Culture of India )

## ( भारतीय संस्कृति )

**17.** Explain the importance of folk culture in India. Give examples. 4

*OR*

Explain the significance of Ajanta and Ellora Art. 4

भारत में लोक-संस्कृति के महत्त्व की व्याख्या कीजिए। उदाहरण दीजिए।

*अथवा*

अजंता व एलोरा कला के महत्त्व की व्याख्या कीजिए।

**18.** Music has been a form of cultural expression in Indian tradition. Explain giving examples of different forms of music that evolved since ancient times. 10

*OR*

"The richness of Indian tradition and culture is reflected in Indian textiles." Explain by giving examples. 10

भारतीय परंपरा में संगीत एक सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का रूप रहा है। प्राचीन समय से विकसित हुए विभिन्न प्रकार के संगीत रूपों का उदाहरण देते हुए व्याख्या कीजिए।

*अथवा*

''भारतीय परंपरा और संस्कृति की समृद्धि भारतीय वस्त्रों में अभिव्यक्त होती है।'' उदाहरण देकर व्याख्या कीजिए।

★ ★ ★